राष्ट्रीय सहारा

नई दिल्ली। रविवार • 14 फरवरी • 2021 | राष्ट्रीय सहारा | www.rashtriyasahara.com

पब्लिक स्कूलों ने तैयार किए नर्सरी दाखिले के क्राईटेरिया

■ राकेश नाथ

नई दिल्ली। एसएनबी

राजधानी के पब्लिक स्कूलों में नर्सरी दाखिले को लेकर शिक्षा निदेशालय की गाइडलाइंस जारी होने के बाद स्कूलों ने दाखिले को लेकर अपनी तैयारी शुरू कर दी है। स्कूलों ने दाखिले के 100 प्वाइंट्स वाले क्राईटेरिया भी तय कर लिए हैं। कोविड-19 को देखते हुए इस बार स्कूल नेबरहुड क्राईटेरिया पर भी जोर दे रहे हैं। इसकी वजह यह है कि ज्यादा दूर के बच्चों को ट्रांसपोर्ट को लेकर दिक्कत हो सकती है। लिहाजा ज्यादा पास में रहने वाले बच्चों के लिए ज्यादा अंक रखे जा रहे हैं। स्कूलों का कहना है कि सोमवार से वे वेबसाइट पर नर्सरी दाखिले के क्राईटेरिया अपलोड करना शुरू कर देंगे।

बता दें कि शिक्षा निदेशालय ने 17 फरवरी तक सभी पब्लिक स्कूलों को नर्सरी दाखिले के क्राईटेरिया अपलोड करने को कहा है। लेकिन इस बार दाखिले की प्रक्रिया शुरू होने में पहले ही काफी देर हो चुकी है। लिहाजा स्कूल जल्दी से जल्दी अपने-अपने स्कूल के दाखिले के क्राईटेरिया अपलोड करना चाहते हैं।

पीतमपुरा स्थित एसडी पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य अनीता शर्मा ने बताया कि इस बार हम नेबरहुड की क्राईटेरिया के बीते साल से ज्यादा अंक रख रहे हैं। इसकी वजह है कि इस बार महामारी के चलते ट्रांसपोर्ट में भी सोशल डिस्टेंसिंग का पालन किया जाएगा। इस लिए हमने नेबरहुड क्राईटेरिया के 45 अंक रखे हैं। जबकि बीते साल नेबरहुड क्राईटेरिया के 25 अंक रखे गए थे। प्रधानाचार्य ने बताया कि वे सोमवार तक अपने दाखिले के क्राईटेरिया अपलोड कर देंगे। उन्होंने बताया कि नर्सरी क्लास के दाखिले के लिए कुल 100 सीटें हैं। इसमें से 75 सीटें जनरल कोटे और 25 सीटें ईडब्ल्यूएस कोटे के लिए हैं।

नर्सरी दाखिला 2021-22

अभिभावकों पर न पड़े ट्रांसपोर्ट का भार स्कूल ने बढ़ाए नेबरहुड के प्वाइंट्स

पब्लिक स्कूल सोमवार से अपलोड करना शुरू करेंगे दाखिले के क्राईटेरिया

क्राईटेरिया अपलोड करने को शिक्षा निदेशालय ने 17 तक की दी है डेडलाइन

पीतमपुरा स्थित एमएम पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य रुमा पाठक ने बताया कि हम सोमवार तक नर्सरी दाखिला क्राईटेरिया वेबसाइट पर अपलोड कर देंगे। पाठक ने बताया कि हमने इस साल नेबरहुड कैटेगरी के लिए सर्वाधिक 50 प्वाइंट्स रखे हैं। इसके अलावा गर्ल चाइल्ड के लिए 20 प्वाइंट्स, सिबलिंग के लिए 10 प्वाइंट्स, फर्स्ट बॉर्न चाइल्ड के लिए 10 प्वाइंट्स और एल्यूमनी के लिए 10 प्वाइंट्स रखे हैं। प्रधानाचार्य ने बताया कि स्कूल में नर्सरी दाखिले के लिए 100 सीटें हैं। इसमें 60 सीटें जनरल कोटे के छात्रों के लिए हैं।

पंजाबी बाग स्थित एमएम जिंदल पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य डीके पांडेय ने बताया कि उन्होंने नेबरहुड के लिए 40 प्वाइंट्स रखे हैं। इसी प्रकार सिंगल या फर्स्ट चाइल्ड के लिए 5 प्वाइंट्स, गर्ल चाइल्ड के लिए 5 प्वाइंट्स, सिबलिंग के लिए 30 प्वाइंट्स और एल्यूमनी के लिए 20 प्वाइंट्स रखें हैं। प्रधानाचार्य ने बताया कि नर्सरी की कुल 216 सीटें हैं। इसमें 130 सीटें जनरल कोटे के छात्रों के लिए हैं। रोहिणी स्थित माउंट पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य ज्योति अरोड़ा ने बताया कि नेबरहुड के लिए सर्वाधिक प्वाइंट्स रखे जाएंगे।